**भारत सरकार**
**गृह मंत्रालय**
**लोक सभा**
**अतारांकित प्रश्न संख्या 2500**
**दिनांक 10 दिसम्बर, 2024/ 19 अग्रहायण, 1946 (शक) को उत्तर के लिए**

**वामपंथी उग्रवाद (एलडब्ल्यूई) से प्रभावित जिले**

**2500. श्री अनिल बलूनीः**
**डॉ. नामदेव किरसानः**

**क्या गृह मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः**

**(क) वर्तमान में वामपंथी उग्रवाद (एलडब्ल्यूई) से कितने जिले प्रभावित हैं?**

**(ख) क्या वामपंथी उग्रवाद से प्रभावित जिलों और हिंसाग्रस्त भौगोलिक क्षेत्रों की संख्या में कोई कमी देखी गई है; और**

**(ग) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?**

**उत्तर**

**गृह मंत्रालय में राज्य मंत्री**
**(श्री नित्यानंद राय)**

(क) वर्तमान में देश के 38 जिले वामपंथी उग्रवाद से प्रभावित हैं।

(ख और ग):

- वामपंथी उग्रवाद (एलडब्ल्यूई) के संकट से समग्र रूप से निपटने के लिए, वर्ष 2015 में भारत सरकार ने "एलडब्ल्यूई से निपटने हेतु राष्ट्रीय नीति और कार्ययोजना" को अनुमोदन प्रदान किया था। नीति में सुरक्षा संबंधी उपायों, विकास हस्तक्षेपों, स्थानीय समुदायों के अधिकारों और हकों को सुनिश्चित करने आदि को शामिल करते हुए एक बहुआयामी रणनीति की परिकल्पना की गई है।
- नीति के दृढ़ कार्यान्वयन के परिणामस्वरूप पूरे देश में एलडब्ल्यूई हिंसा और भौगोलिक प्रसार में निरंतर कमी आई है। एलडब्ल्यूई संबंधी हिंसा की घटनाओं में वर्ष 2010 के सर्वाधिक स्तर की तुलना

से वर्ष 2023 में 73% की कमी आई है। परिणामी मौतों (सुरक्षा बलों +आम नागरिकों) में भी 86% की कमी आई है, जो वर्ष 2010 में अब तक के सर्वाधिक स्तर 1005 से कम होकर वर्ष 2023 में 138 हुई है। वर्तमान वर्ष 2024 (15.11.2024 तक ) में वामपंथी उग्रवाद से संबंधित घटनाओं में 25% की कमी आई है।

- वामपंथी उग्रवाद से संबंधित हिंसा का भौगोलिक प्रसार में भी पर्याप्त कमी हुई है और वर्ष 2013 में 10 राज्यों में वामपंथी उग्रवाद से प्रभावित जिलों की संख्या 126 से घटकर वर्ष 2024 में (अप्रैल- 2024 से प्रभावी) 09 राज्यों मे केवल 38 रह गई है। (वामपंथी उग्रवाद से प्रभावित 38 जिलों की सूची अनुलग्नक में दी गई है)
- वामपंथी उग्रवाद से संबंधित हिंसा की रिपोर्ट करने वाले पुलिस स्टेशनों की संख्या वर्ष 2010 में 465 पुलिस स्टेशनों से घटकर वर्ष 2023 में 171 पुलिस स्टेशनों पर आ गई है।

******

**लोक सभा अता. प्र.सं. 2500 दिनांक 10.12.2024**

**अनुलग्नक**

वामपंथी उग्रवाद प्रभावित 38 जिलों की सूची

| क्रमांक | राज्य | जिले | |
|---|---|---|---|
| 1 | आंध्र प्रदेश | 1 | अल्लूरी सीताराम राजू |
| 2 | छत्तीसगढ़ | 15 | बीजापुर, बस्तर, दंतेवाड़ा, धमतरी, गरियाबंद, कांकेर, कोंडागांव, महासमुंद, नारायणपुर, राजनंदगांव, मोहला-मानपुर- अम्बागढ़ चौकी, खैरगढ़-छुईखदान-गंडई, सुकमा, कबीरधाम, मुंगेली |
| 3 | झारखंड | 5 | गिरिडीह, गुमला, लातेहार, लोहरदगा, पश्चिमी सिंहभूम |
| 4 | केरल | 2 | वायनाड, कन्नूर |
| 5 | मध्य प्रदेश | 3 | बालाघाट, मंडला, डिंडोरी |
| 6 | महाराष्ट्र | 2 | गढ़चिरौली, गोंदिया |
| 7 | उड़ीसा | 7 | कालाहांडी, कंधमाल, बोलांगीर, मलकानगिरी, नबरंगपुर, नुआपाड़ा, रायगड़ा |
| 8 | तेलंगाना | 2 | भद्राद्रि- कोठागुडेम, मुलुगु |
| 9 | प. बंगाल | 1 | झारग्राम |
| | कुल | 38 | |